दिनांक 26.10.2018

स्वच्छ भारत अभियान स- वच्छ एवं सुदर भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री एस.के.सुन्दरानी ने निगम क्षेत्र के नागरिकों से अपील किया है कि 20 नवम्बर के दिन आप लोग अवश्य मतदान केन्द्र पहुंच कर अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें।

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री एस.के.सुन्दरानी के निर्देशन में निगम समस्त जोन कार्यालय के अंतर्गत जोन आयुक्तों के द्वारा अपने–अपने प्रभार वाले वार्डो में अधिक से अधिक आम नागरिक अपने मताधिकार का उपयोग करे इस हेतु व्यापक रूप से प्रचार प्रसार की जा रहीं है जिसकें अंतर्गत शपथ ग्रहण रंगोली दीप पर्व स्कूल कालेज के छात्र छात्राओं के बीच निबंध भाषण प्रतियोगिता, रैली का भी आयोजन किया जा रहा है। उक्त निगम क्षेत्र में किये जा रहे कार्य का निगम आयुक्त श्री सुन्दरानी के द्वारा प्रतिदिन वार्डो में भ्रमण कर अवगत हो रहें है। साथ ही मतदान केन्दों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी संबंधित अधिकारी को दिया जा रहा है।

निगम भिलाई क्षेत्र के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ऐसे मतदाताआ जो अपनी 18 वर्ष की उम्र पूर्ण कर चुके है जिन्हे प्रथम बार अपने मतदान करने का अवसर प्राप्त हुआ है ऐसे छात्र–छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए निबंध और भाषण , रैली प्रतियोगिता का आयोजन निरंतर निगम के विभिन्न स्कूलों कालेजों में किया जा रहा है। निगम प्रशासन के द्वारा 100 प्रतिशत मतदान हो इसमें हर व्यक्ति को अपना मत देने का स्वतंत्र रूप से अधिकार है बिना किसी दबाव एवं प्रलोभन के हम स्वच्छ और निष्पक्ष अपने मताधिकार से राज्य में एक अच्छी सरकार बनाने में अपनी सहभागिता निभा सकते है। इसलिए आपलोग अधिक से अधिक मतदान करें। इसके लिए जन जागरूकता अभियान चलाई जा रही है।

जनसम्पर्क अधिकारी